<u>संसदीय कार्य मंत्रालय</u>

## संसद से संबंधित विधायी और अन्य महत्वपूर्ण पहलें

### <u>विधायी पहलें</u>

श्री अनंतकुमार, रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने जुलाई, 2016 में संसदीय कार्य मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया था। संसदीय कार्य मंत्रालय का प्राथमिक कार्य संसद में सरकार की ओर से विविध संसदीय कार्य को कुशलतापूर्वक निपटाने के लिए संसद के दोनों सदनों और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करना है। श्री अनंतकुमार के सक्रिय नेतृत्व के अधीन पिछले एक वर्ष के दौरान, संसद के दोनों सदनों द्वारा कुल 37 सरकारी विधेयक पारित किए गए। इसके अतिरिक्त लोक सभा द्वारा 40 विधेयक और राज्य सभा द्वारा 29 विधेयक पारित किए गए। (आंकड़े संलग्न हैं)

2. श्री अनंतकुमार के कार्यकाल के दौरान, लोक सभा और राज्य सभा में उत्पादकता उल्लेखनीय रही है और संसद के दोनों सदनों द्वारा देश की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हुए कुछ ऐतिहासिक विधेयक पारित किए गए। विधायी उपायों में ऐतिहासिक महत्व के कई ऐसे विधेयकों का पारण शामिल है, देश और इसकी अर्थव्यवस्था के लिए जिनके दूरगामी परिणाम होंगे जिनमें से एक संविधान (एक सौ एकवां संशोधन) अधिनियम, 2016 है जो एक राष्ट्र एक कर व्यवस्था के सृजन हेतु वस्तु और सेवा कर की शुरूआत का मार्ग प्रशस्त करता है।

3. उनके कार्यकाल के दौरान लोक सभा द्वारा पारित किए गए महत्वपूर्ण विधेयकों में से एक है शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017 जो शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 और सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 में आगे और संशोधन करता है और यह सुनिश्चित करता है कि शत्रु संपत्ति भारत में शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के सतत अधिकार में रहे। सरकार द्वारा लिया गया अन्य महत्वपूर्ण निर्णय रेल बजट और सामान्य बजट का आमेलन करना और सामान्य बजट के प्रस्तुतिकरण को पहले करके 1 फरवरी करना है।

4. 16वीं लोक सभा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में संसद द्वारा पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधान निम्न प्रकार हैं:-

### <u>अर्थव्यवस्था</u>

- **संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) अधिनियम, 2016 (वस्तु और सेवा कर संबंधी)** वस्तु और सेवा कर के अधिरोपण हेतु संविधान में समर्थकारी उपबंध शामिल करने वाला एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक विधान है। यह संघ और राज्य सरकारों द्वारा उदगृहीत किए जा रहे अनेक अप्रत्यक्ष करों का स्थान लेगा और जिसका आशय करों के क्रमप्रपाती प्रभाव को दूर करना तथा माल और सेवाओं के लिए समान राष्ट्रीय बाजार का उपबंध करना है।

- **प्रतिभूति हितों का प्रवर्तन और ऋणवसूली विधि तथा प्रकीर्ण उपबंध (संशोधन) अधिनियम, 2016** ऋणों की त्वरित वसूली को सुकर बनाने के लिए एस.ए.आर.एफ.ए.ई.एस.आई. अधिनियम और अन्य अधिनियमों को संशोधित करता है।

- **बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) संशोधन अधिनियम, 2016** बेनामी संपत्ति की कुर्की के लिए एक तंत्र और प्रक्रिया का उपबंध करने के साथ-साथ संपत्ति को बेनामी रखने के प्रतिषेध और बेनामी संपत्ति की वसूली और अंतरण को सीमित करने का उपबंध करता है।

- **भारतीय न्यास (संशोधन) अधिनियम, 2016** निजी न्यासों और न्यासियों के कार्यकरण को विनियमित करता है और उस रीति को भी दर्शाता है जिसमें न्यास की अतिरिक्त निधियों का निवेश किया जा सकता है।

- **मजदूरी संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2017**
  नियोक्ताओं को नियोजित व्यक्तियों को मजदूरी का चेक या उनके बैंक खातों में जमा करने के माध्यम से संदाय करने के लिए समर्थ बनाने के लिए और उपयुक्त सरकार को उन औद्योगिक या अन्य स्थापनों को सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से विनिर्दिष्ट करने हेतु समर्थ बनाने के लिए जो प्रत्येक नियोजित व्यक्ति को मजदूरी का संदाय केवल चेक या उसके बैंक खाते में जमा करके करेगी।

- **विनिर्दिष्ट बैंक नोट (उत्तरदायित्व का समाप्त होना) अधिनियम, 2017**
  विर्निदिष्ट बैंक नोटों पर उत्तरदायित्व के समापन तथा उससे जुड़े या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए।

- **केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017**
  अनुच्छेद 246ए के अनुसार माल या सेवाओं की अंत: राज्यीय आपूर्ति पर कर लगाने के लिए।

- **एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017**
  अनुच्छेद 269ए के साथ पठित अनुच्छेद 246ए के अनुसार माल या सेवाओं की अंतर राज्यीय आपूर्ति पर कर लगाने के लिए।

- **माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) अधिनियम, 2017**
  संविधान (एक सौ एकवां संशोधन) अधिनियम, 2016 की धारा 18 के अनुसार 5 वर्षों की अवधि तक माल और सेवा कर के कार्यान्वयन के कारण होने वाले राजस्व के नुकसान के लिए राज्यों को प्रतिकर के संदाय को सुकर बनाने के लिए।

- **संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017**
  संघ राज्य क्षेत्रों में माल और सेवा कर के प्रारंभ होने को सुकर बनाने के लिए।

**<u>श्रम</u>**

- **बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016** विद्‌यालय समय के पश्चात परिवार उद्‌यमों को छोड़कर सभी व्यवसायों में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध करता है।

- **कर्मचारी प्रतिकर (संशोधन) अधिनियम, 2017**
  कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 को संशोधित करने के लिए।

- **प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2017**
  दस या उससे अधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले स्थापन्नों में नियोजित उन महिलाओं के मामले में मातृत्व अवकाश की अधिकतम अवधि को वर्तमान बारह सप्ताह की सीमा से बढ़ाकर छब्बीस सप्ताह करने पर विचार करता है जिनके दो से अनधिक जीवित बालक हैं। दूसरे मामलों में बारह सप्ताह का मातृत्व अवकाश लाभ जारी रहेगा। यह विधेयक "अधिकृत माता" और "दत्तक माता" को भी मातृत्व अवकाश के दायरे में लाता है और वे अन्य लाभों के साथ-साथ शिशु के सौंपे जाने की तारीख से बारह सप्ताह के मातृत्व अवकाश की हकदार होंगी।

**सामाजिक न्याय**

- **नि:शक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक, 2016**
  अन्य बातों के साथ-साथ 19 विशिष्ट नि:शक्तताओं की परिभाषा और एक राष्ट्रीय निधि के गठन का उपबंध करता है। यह इस बात का भी उपबंध करता है कि प्रत्येक उपयुक्त सरकार प्रत्येक सरकारी स्थापन्न में भरे जाने वाले पदों के प्रत्येक समूह की संवर्ग संख्या में रिक्तियों की कुल संख्या के चार प्रतिशत से अनधिक पर नि:शक्तता मानदण्ड वाले व्यक्तियों को नियुक्त करेगी जिनमें से प्रत्येक मे एक प्रतिशत नि:शक्तता मानदण्ड वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित होगा।

**विविध**

- **भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अधिनियम, 2016** और
  **दन्त-चिकित्सक (संशोधन) अधिनियम, 2016** भी स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर स्तर पर ऐसे सभी संस्थानों के लिए एकसमान प्रवेश परीक्षा - राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) का उपबंध करते हैं।

- **प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016** राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि की स्थापना का उपबंध करता है जिसका उपयोग वन क्षेत्र में वृद्धि करने के लिए किया जाएगा।

- **शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017** जो शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 और सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 में आगे और संशोधन करता है और यह सुनिश्चित करता है कि शत्रु संपत्ति भारत में शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के सतत अधिकार में रहे।

5. इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये अधिनियम जमीनी स्तर पर इनके कारगर कार्यान्वयन के माध्यम से शासन में एक नए वातावरण और उत्साह का परिचय कराएगा। यह सरकार आने वाले सत्र में उन अत्यंत महत्वपूर्ण लंबित विधानों को लाने के लिए भी वचनबद्ध है जो हमारे देश को रूपांतरित करने का सामर्थ्य और क्षमता रखते हैं।

6. वर्ष 2004 से 2014 के दौरान बैठकों की औसत संख्या लोक सभा के संबंध 68 और राज्य सभा के संबंध में 67 थी जबकि वर्ष 2015 में, लोक सभा की 72 बैठकें और राज्य सभा की 69 बैठकें हुई थी। वर्ष 2016 में, लोक सभा की 70 बैठकें और राज्य सभा की 72 बैठकें हुई थी। बजट सत्र, 2017 के दौरान लोक सभा तथा राज्य सभा प्रत्येक की 29 बैठकें हुई थी।

7. अब तक प्राप्त की गई गति को संसद के आगामी सत्रों के दौरान बनाए रखे जाने की उम्मीद है और यह अंदाजा लगाना ठीक ही है कि वर्तमान लोक सभा की इसके कार्यकाल के दौरान समग्र उपलब्धियां और निष्पादन पूर्ववर्ती लोक सभाओं से बेहतर रहेंगी।

8. किसी भी बजट सत्र में, वित्तीय कार्य का निष्पादन क्रमश: सामान्य बजट और वित्त विधेयक के प्रस्तुतिकरण/पुर:स्थापन के साथ आरंभ होता है और संसद के दोनों सदनों द्वारा वित्त विधेयक तथा संबंधित विनियोग विधयकों के पारण/लौटाए जाने के साथ पूरा होता है। इस सरकार द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय रेल बजट का सामान्य बजट के साथ आमेलन करना और सामान्य बजट, 2017 के प्रस्तुतिकरण को पूर्वित करके 1 फरवरी करना था। बजट के प्रस्तुतिकरण को एक महीने पूर्वित करने और 31 मार्च से पहले बजट संबंधित वित्तीय कार्य को पूरा करने से बजट आवर्तन के शीघ्र समापन का मार्ग प्रशस्त किया है तथा मंत्रालयों और विभागों को वित्तीय वर्ष की शुरूआत से ही योजनाओं का बेहतर निष्पादन और आयोजना सुनिश्चित करने के लिए समर्थ बनाने के साथ-साथ पूर्ण कामकाजी मौसम के उपयोग को भी, पहली तिमाही के सहित, समर्थ बनाया है। बजट, 2017 के प्रस्तुतिकरण को करीब एक माह पहले करने, जिसमें रेल बजट भी शामिल है, के कारण इस वर्ष संपूर्ण वित्तीय कार्य 31 मार्च, 2017 से पहले ही निपटा लिया गया था।

**अन्य उपलब्धियां**

<u>जीएसटी के शुभारंभ के लिए केंद्रीय कक्ष में समारोह</u>

संसदीय कार्य मंत्री के रूप में श्री अनंतकुमार के कार्यकाल के दौरान अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि जीएसटी के आरंभ पर मोहर लगाने के लिए 30 जून, 2017 को संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष समारोह का सफल आयोजन था। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री, सभी मंत्रिगण, संसद सदस्य और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**युवा संसद प्रतियोगिताएं**

संसदीय कार्य मंत्रालय निम्नलिखित युवा संसद प्रतियोगिताएं कार्यान्वित करता है:-

(i) दिल्ली के विद्यालयों के लिए युवा संसद प्रतियोगिता;
(ii) केंद्रीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता;

(iii) जवाहर नवोदय विद्‌यालयों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता; और

(iv) विश्वविद्‌यालयों/कॉलेजों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता।

शैक्षिक वर्ष 2016-17 के दौरान, दिल्ली के 34 विद्‌यालयों, पूरे देश से 125 केंद्रीय विद्‌यालयों, 64 जवाहर नवोदय विद्‌यालयों तथा 53 विश्वविद्‌यालयों/कॉलेजों ने संसदीय कार्य मंत्रालय द्‌वारा संचालित राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। इसके अतिरिक्त, संसदीय कार्य मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके अपने-अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में युवा संसद प्रतियोगिता संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता भी देता है।

**<u>सद्भावना शिष्टमंडल</u>**

किसी भी देश के संसदविद उस देश की नीति के निर्धारण और अन्य देशों से संबंधों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विशेषकर, भारत जैसे प्रगतिशील प्रजातांत्रिक राष्ट्र के लिए कुछ संसद सदस्यों व गण्यमान्य व्यक्तियों का चयन करना और अन्य देशों में उनके समकक्ष व्यक्तियों और अन्य विचार बनाने वालों को विभिन्न क्षेत्रों में हमारी नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को स्पष्ट करके भारत के पक्ष में उनका समर्थन हासिल करने के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग करना नि:संदेह अति आवश्यक और उपयोगी है।

इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, संसदीय कार्य मंत्रालय विदेश मंत्रालय के माध्यम से संसद सदस्यों के सरकारी शिष्टमण्डलों के अन्य देशों के दौरे प्रायोजित करता है और आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य देशों की सरकार द्‌वारा प्रायोजित संसद सदस्यों के शिष्टमण्डलों के भारत के दौरों का आयोजन भी करता है।

संसदीय कार्य मंत्री के रूप में श्री अनंतकुमार के कार्यभार संभालने के उपरांत उनके नेतृत्व में संसदविदों के एक भारतीय सद्भावना शिष्टमंडल ने 16 से 23 अक्तूबर, 2016 के दौरान पुर्तगाल और स्पेन का दौरा किया। शिष्टमंडल में लोक सभा और राज्य सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों से 11 संसद सदस्य शामिल थे।

इसी प्रकार, संसद के दोनों सदनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 10 संसद सदस्यों वाले अन्य भारतीय सदभावना शिष्टमंडल ने श्री एस.एस. अहलुवालिया, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री के नेतृत्व में 29 मई से 6 जून, 2017 के दौरान स्वीडन और नॉर्वे का दौरा किया था।

**विदेशी शिष्टमंडल द्‌वारा मुलाकाती बैठक**

कनाडा से सुश्री बार्डिश चैगर, हाऊस ऑफ कॉमन्स में सरकार की नेता तथा लघु व्यापार और पर्यटन मंत्री के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल ने दिनांक 28.3.2017 को संसदीय कार्य तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री से मुलाकात की और संसद के कार्यचालन तथा परस्पर हित के अन्य विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया

**स्वच्छता पखवाड़ा मनाना**

संसदीय कार्य मंत्रालय में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2017 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़े के एक भाग के रूप में, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री अनंतकुमार की अध्यक्षता में 11 अप्रैल, 2017 को विभिन्न राज्यों के माननीय संसद सदस्यों के साथ संसदीय ग्रंथालय भवन, नई दिल्ली में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की साझेदारी में एक संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान में माननीय संसद सदस्यों की सहभागिता संबंधी मामले पर चर्चा की गई और माननीय संसद सदस्यों ने इसके कार्यान्वयन में कुछ व्यावहारिक मुद्दे उठाए और 2 अक्तूबर, 2019 तक भारत को एक साफ-सुथरा और चमचमाता देश बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अधिक कारगर कार्यान्वयन के लिए बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

**सरकारी आश्वासनों का कार्यान्वयन**

सदन में किसी प्रश्न का उत्तर देते समय या किसी चर्चा के दौरान, यदि कोई मंत्री कोई वचन देता है जिसमें सदन को पुन: रिपोर्ट देने में सरकार की ओर से आगे और कार्रवाई शामिल होती है तो उसे 'आश्वासन' कहा जाता है। आश्वासनों और उनकी पूर्ति से संबंधित सूचना निम्न प्रकार है:-

| **आश्वासन की स्थिति** | **पिछले एक वर्ष के दौरान छांटे गए** | **पिछले एक वर्ष के दौरान सभापटल पर रखे गए** |
|---|---|---|
| लोक सभा | 1223 | 1164* |
| राज्य सभा | 738 | 772* |

* इन आंकड़ों में कुछ पिछले वर्षों से संबंधित परंतु पिछले एक वर्ष के दौरान सभापटल पर रखे गए आश्वासन भी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, अश्वासनों के मानीटरन को सुदृढ़ बनाने और उनका शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय द्‌वारा 'ऑनलाइन आश्वासन मानीटरन (ओ.ए.एम.)' नाम का एक साफ्टवेयर अनुप्रयोग विकसित किया गया है। ई-ऑफिस के साथ एकीकृत यह ओ.ए.एम. अनुप्रयोग आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शीघ्र ही मंत्रालय द्‌वारा आरंभ किया जाएगा। ओ.ए.एम. का शुभारंभ जनता के लिए आश्वासनों की पूर्ति करने वाली सभी रिपोर्टों की ऑनलाइन उपलब्धता, संसद के सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय और सभी अन्य मंत्रालयों/विभागों के बीच आश्वासनों संबंधी समस्त पत्राचार की ऑनलाइन व कागज रहित उपलब्धता और आश्वासनों की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित करेगा और इस प्रकार सदनों में मंत्रियों द्‌वारा दिए गए आश्वासनों की समग्र विचारधीनता में कमी लाएगा।

******

# श्री अनंतकुमार के कार्यकाल के दौरान निपटाए गए विधायी कार्य

## विधायी कार्य

**16वीं लोक सभा के दौरान लोक सभा और राज्य सभा में अब तक सत्रवार पुर:स्थापित तथा पारित किए गए विधेयकों की संख्या:**

| सत्र | लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयकों की संख्या | राज्य सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयकों की संख्या | लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों की संख्या | राज्य सभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों की संख्या | दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयकों की संख्या | लोक सभा में वापिस लिए गए विधेयकों की संख्या | राज्य सभा में वापिस लिए गए विधेयकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2016** | | | | | | | |
| 9वां/240वां मानसून | 14 | 01 | 13 | 14 | 15 | | 1 |
| 10वां शीतकालीन | 10 | - | 4 | 1 | 4 | 1 | - |
| **2017** | | | | | | | |
| 11वां बजट | 24 | - | 23 | 14 | 18 | 1 | 2 |
| कुल | 48 | 01 | 40 | 29 | 37 | 02 | 3 |

## गैर-विधायी कार्य

### चर्चाएं की गई

| सत्र | लोक सभा में नियम 193 के अंतर्गत चर्चा | राज्य सभा में नियम 176 के अंतर्गत चर्चा | लोक सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव | राज्य सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|
| **2016** | | | | |
| 9वां/240वां मानसून | 3+1* | 6 | 2 | 5 |
| 10वां शीतकालीन | 1* | - | - | - |
| **2017** | | | | |
| 11वां बजट | 1+1* | 1 | - | 1 |
| कुल | 07 (आंशिक चर्चा सहित) | 07 (आंशिक चर्चा सहित) | 02 | 06 |

*आंशिक चर्चा की गई

**दो वर्षों के दौरान लोक सभा और राज्य सभा की सत्रवार बैठकों की कुल संख्या तथा प्रत्येक सत्र की उत्पादकता और प्रत्येक सदन की समग्र उत्पादकता:**

| **लोक सभा** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **सत्र** | **तारीखें** | **दिनों की संख्या** | **बैठकों की संख्या (वास्तविक)** | **बैठक घंटों - मिनटों में (वास्तविक)** | **व्यवधानों के कारण नष्ट समय** | **सदनों द्वारा देर तक बैठकर प्रतिपूरक किया गया समय** | **उत्पादकता** |
| **9वां मानसून** | 18.07.2016 से 12.08.2016 | 26 | 20 | 121-19 | 07-55 | 19-38 | 110.84% |
| **10वां शीतकालीन** | 16.11.2016 से 16.12.2016 | 30 | 21 | 19-24 | 92-08 | - | 17.39% |
| **11वां बजट** | 31.1.2017 से 9.2.2017<br><br>9.3.2017 से 12.4.2017 | 41 | 29 | 178-44 | 08-07 | 18-47 | 113.27% |

*लोक सभा सचिवालय द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा के अनुसार

| **राज्य सभा** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **सत्र** | **तारीखें** | **दिनों की संख्या** | **बैठकों की संख्या (वास्तविक)** | **बैठक घंटों - मिनटों में (वास्तविक)** | **व्यवधानों के कारण नष्ट समय** | **सदनों द्वारा देर तक बैठकर प्रतिपूरक किया गया समय** | **उत्पादकता** |
| **240वां** | 18.07.2016 से 12.08.2016 | 26 | 20 | 112-48 | 20-41 | 20-10 | 99.54% |
| **241वां** | 16.11.2016 से 16.12.2016 | 30 | 21 | 23-10 | 83-15 | 00-09 | 20.61% |
| **242वां** | 31.1.2017 से 9.2.2017<br><br>9.3.2017 से 12.4.2017 | 41 | 29 | 136-20 | 18-09 | 07-02 | 92.43% |

*राज्य सभा सचिवालय द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा के अनुसार

**16वीं लोक सभा के दौरान पुर:स्थापित किए गए विधेयक**

**2016**

**9वां सत्र (मानसून सत्र) 2016 (लोक सभा) - 14 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | पुर:स्थापन की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 2. | दंत चिकित्सक (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 3. | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 4. | प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 5. | उच्च न्यायालय (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 6. | नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 7. | लोकपाल और लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016 | 27.07.2016 |
| 8. | उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, 2016 | 2.08.2016 |
| 9. | विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2016 | 4.8.2016 |
| 10. | केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2016 | 05.08.2016 |
| 11. | कर्मकार प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2016 | 05.08.2016 |
| 12. | मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.08.2016 |
| 13 | कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2016 | 10.08.2016 |
| 14. | कारखाना (संशोधन) विधेयक, 2016 | 10.08.2016 |

**240वां सत्र (मानसून सत्र) 2016 (राज्य सभा) - 01 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | पुर:स्थापन की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2016 | 11.08.2016 |

**10वां सत्र (शीतकालीन सत्र) 2016 (लोक सभा) - 10 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | पुर:स्थापन की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | किराए पर कोख देना (विनियमन) विधेयक, 2016 | 21.11.2016 |
| 2. | नावधिकरण (समुद्री दावा की अधिकारिता और निपटारा) विधेयक, 2016 | 21.11.2016 |
| 3. | कराधान विधि (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2016 | 28.11.2016 |
| 4. | विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2016 | 08.12.2016 |
| 5. | विनियोग (संख्या 5) विधेयक, 2016 | 08.11.2016 |
| 6. | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.12.2016 |
| 7. | संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2016 | 14.12.2016 |
| 8. | मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 2016 | 15.12.2016 |
| 9. | वाणिज्यिक पोत परिवहन विधेयक, 2016 | 16.12.2016 |
| 10. | महापत्तन न्यास प्राधिकरण विधेयक, 2016 | 16.12.2016 |

**241वां सत्र (शीतकालीन सत्र) 2016 (राज्य सभा) - 00 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | पुर:स्थापन की तारीख |
|---|---|---|
| | शून्य | |

**2017**

**11वां सत्र (बजट सत्र) 2017 (लोक सभा) - 24 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | पुर:स्थापन की तारीख |
|---|---|---|
| | **पहला भाग** | |
| 1. | वित्त विधेयक, 2017 | 01.02.2017 |
| 2. | मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 2017 | 03.02.2017 |
| 3. | विनिर्दिष्ट बैंक नोट (उत्तरदायित्व का समाप्त होना) विधेयक, 2017 | 03.02.2017 |
| 4. | भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक, 2017 | 09.02.2017 |
| 5. | निरसन और संशोधन विधेयक, 2017 | 09.02.2017 |
| | **दूसरा भाग** | |
| 6. | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2017 | 10.03.2017 |
| 7. | फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान विधेयक, 2017 | 14.03.2017 |
| 8. | अंतर्राज्जीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक, 2017 | 14.03.2017 |
| 9. | सांख्यिकी संग्रहण (संशोधन) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 10. | विनियोग (रेल) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 11. | विनियोग (रेल) संख्यांक 2 विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 12. | विनियोग विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 13 | विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 14. | भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2017 | 27.3.2017 |
| 15. | केंद्रीय माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 27.3.2017 |
| 16. | समेकित माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 27.3.2017 |
| 17. | माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) विधेयक, 2017 | 27.3.2017 |
| 18. | संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 27.3.2017 |
| 19. | कराधान (संशोधन) विधेयक, 2017 | 31.3.2017 |
| 20. | राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 2017 | 05.04.2017 |
| 21. | संविधान (123वां संशोधन) विधेयक, 2017 | 05.04.2017 |
| 22. | राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (निरसन) विधेयक, 2017 | 05.04.2017 |
| 23. | भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (पब्लिक-प्राइवेट भागीदारी) विधेयक, 2017 | 10.04.2017 |
| 24. | नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2017 | 10.04.2017 |

**242वां सत्र (बजट सत्र) 2017 (राज्य सभा) - 00 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | पुर:स्थापन की तारीख |
|---|---|---|
| | शून्य | |

**16वीं लोक सभा में अलग-अलग सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक**

**2016**

**9वां सत्र (मानसून सत्र) 2016 (लोक सभा) - 13 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | लोक सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 2. | दंत चिकित्सक (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| | भारतीय न्यास (संशोधन) विधेयक, 2016 | 9.12.2015<br>*20.7.2016 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 21.07.2016 |
| 4. | प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 25.07.2016 |
| 5. | बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2016 | 26.07.2016 |
| 6. | लोकपाल और लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016 | 27.07.2016 |
| 7. | बेनामी संव्यवहार (निषेध) संशोधन विधेयक, 2016 | 27.07.2016 |
| 8. | प्रतिभूति हितों का प्रवर्तन और ऋणवसूली विधि तथा प्रकीर्ण उपबंध (संशोधन) विधेयक, 2016 | 1.08.2016 |
| 9. | विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2016 | 04.08.2016 |
| | संविधान (122वां संशोधन) विधेयक, 2016 | 06.05.2015<br>*08.08.2016 |
| 10. | केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.08.2016 |
| 11. | कर्मकार प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.08.2016 |
| 12. | कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2016 | 10.08.2016 |
| 13 | कारखाना (संशोधन) विधेयक, 2013 | 10.08.2016 |

*संशोधन(नों) से सहमत होना।

**240वां सत्र (मानसून सत्र) 2016 (राज्य सभा) - 14 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | राज्य सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र विधेयक, 2016 | 18.07.2016 |
| 2. | बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2016 | 19.07.2016 |
| 3. | प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि विधेयक, 2016 | 28.7.2016 |
| 4. | लोकपाल और लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016 | 28.7.2016 |
| 5. | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) विधेयक, 2016 | 01.08.2016 |
| 6. | दंत चिकित्सक (संशोधन) विधेयक, 2016 | 01.08.2016 |
| 7. | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 01.08.2016 |
| 8. | प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 02.08.2016 |
| 9. | बेनामी संव्यवहार (निषेध) संशोधन विधेयक, 2016 | 02.08.2016 |
| 10. | संविधान (122वां संशोधन) विधेयक, 2016 | 03.08.2016 |
| 11. | मानसिक स्वास्थ्य देख-रेख विधेयक, 2016 | 08.08.2016 |
| 12. | प्रतिभूति हितों का प्रवर्तन और ऋणवसूली विधि तथा प्रकीर्ण उपबंध (संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.08.2016 |
| 13. | केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.08.2016 |
| 14. | प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2016 | 11.08.2016 |

**10वां सत्र (शीतकालीन सत्र) 2016 (लोक सभा) - 04 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | राज्य सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | कराधान विधि (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2016 | 29.11.2016 |
| 2. | विनियोग (संख्या 5) विधेयक, 2016 | 8.12.2016 |
| 3. | विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2016 | 8.12.2016 |
| 4. | नि:शक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक, 2016 | 16.12.2016 |

**241वां सत्र (शीतकालीन सत्र) 2016 (राज्य सभा) - 01 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | राज्य सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | नि:शक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक, 2016 | 14.12.2016 |

**2017**

**11वां सत्र (बजट सत्र - पहला भाग) 2017 (लोक सभा) - 23 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | लोक सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 2017 | 07.02.2017 |
| 2. | विनिर्दिष्ट बैंक नोट (उत्तरदायित्व का समाप्त होना) विधेयक, 2017 | 07.02.2017 |
| | **दूसरा भाग** | |
| 3. | प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2017 | 09.03.2017 |
| 4. | नावधिकरण (समुद्री दावा की अधिकारिता और निपटारा) विधेयक, 2017 | 10.03.2017 |
| | *शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017 | 14.03.2017 |
| 5. | विनियोग (रेल) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 6. | विनियोग (रेल) संख्यांक 2 विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 7. | विनियोग विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 8. | विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 |
| 9. | वित्त विधेयक, 2017 | 22.03.2017<br>30.03.2017** |
| 10. | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2017 | 23.03.2017 |
| 11. | मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक, 2016 | 27.03.2017 |
| 12. | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2016 | 28.03.2017 |
| 13. | केंद्रीय माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 29.03.2017 |
| 14. | समेकित माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 29.03.2017 |
| 15. | माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) विधेयक, 2017 | 29.03.2017 |
| 16. | संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 29.03.2017 |
| | *कर्मकार प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2016 | 05.04.2017 |
| 17. | फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान विधेयक, 2017 | 05.04.2017 |
| 18. | कराधान (संशोधन) विधेयक, 2017 | 06.04.2017 |
| 19. | मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 10.04.2017 |
| 20. | राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (निरसन) विधेयक, 2017 | 10.04.2017 |
| 21. | संविधान (123वां संशोधन) विधेयक, 2017 | 10.04.2017 |
| 22. | मानव रोगक्षम अल्पता विषाणु और अर्जित रोगक्षम अल्पता संलक्षण (निवारण और नियंत्रण) विधेयक, 2014 | 11.04.2017 |
| 23. | सांख्यिकी संग्रहण (संशोधन) विधेयक, 2017 | 11.04.2017 |

*संशोधन(नों) से सहमत हुए।

**राज्य सभा द्वारा की गई सिफारिश को अस्वीकार किया गया।

**242वां सत्र (बजट सत्र - पहला भाग) 2017 (राज्य सभा) - 14 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | राज्य सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 2017 | 08.02.2017 |
| | **दूसरा भाग** | |
| 2. | शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017 | 10.03.2017 |
| | *प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2017 | 20.03.2017* |
| 3. | मानव रोगक्षम अल्पता विषाणु और अर्जित रोगक्षम अल्पता संलक्षण (निवारण और नियंत्रण) विधेयक, 2014 | 21.3.2017 |
| 4. | कर्मचारी प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2016 | 22.03.2017 |
| 5. | विनियोग विधेयक, 2017 | 23.03.2017 |
| 6. | विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2017 | 23.03.2017 |
| 7. | वित्त विधेयक, 2017 | 29.03.2017 |
| 8. | विनियोग (रेल) विधेयक, 2017 | 30.3.2017 |
| 9. | विनियोग (रेल) संख्यांक 2 विधेयक, 2017 | 30.3.2017 |
| | *मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक, 2016 | 30.3.2017 |
| 10. | केंद्रीय माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 06.04.2017 |
| 11. | समेकित माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 06.04.2017 |
| 12. | माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) विधेयक, 2017 | 06.04.2017 |
| 13. | संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 06.04.2017 |
| 14. | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2017 | 10.04.2017 |

*संशोधनों से सहमत हुए।

## 16वीं लोक सभा के दौरान दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयकों का ब्योरा

## 2016

**9वां सत्र (मानसून सत्र) 2016 - 15 विधेयक**

| क्र.सं. | विधेयक का नाम | लोक सभा में पारित करने की तारीख | राज्य सभा में पारित करने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र विधेयक, 2016 | 25.4.2016 | 18.7.2016 |
| 2. | प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि विधेयक, 2016 | 3.5.2016 | 28.7.2016 |
| 3. | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 | 01.08.2016 |
| 4. | दंत चिकित्सक (संशोधन) विधेयक, 2016 | 19.07.2016 | 01.08.2016 |
| 5. | भारतीय न्यास (संशोधन) विधेयक, 2016 | 20.07.2016 | 11.05.2016 |
| 6. | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 20.07.2016 | 02.08.2016 |
| 7. | प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 | 25.07.2016 | 02.08.2016 |
| 8. | बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2016 | 26.07.2016 | 19.07.2016 |
| 9. | लोकपाल और लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016 | 27.07.2016 | 28.07.2016 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | बेनामी संव्यवहार (निषेध) संशोधन विधेयक, 2016 | 27.07.2016 | 02.08.2016 |
| 11. | संविधान (122वां संशोधन) विधेयक, 2016 | 05.05.2016<br>06.05.2016<br>08.06.2016* | 04.08.2016 |
| 12. | प्रतिभूति हितों का प्रवर्तन और ऋणवसूली विधि तथा प्रकीर्ण उपबंध (संशोधन) विधेयक, 2016 | 01.08.2016 | 9.08.2016 |
| 13. | केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2016 | 09.08.2016 | 11.08.2016 |
| 14. | विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2016 | 04.08.2016 | # |
| 15. | कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2016 | 10.08.2016 | # |

*संशोधन(नों) से सहमत हुए।

#पारित किया गया समझा

**10वां सत्र (शीतकालीन सत्र) 2016 - 04 विधेयक**

| **क्र.सं.** | **विधेयक का नाम** | **लोक सभा में पारित किए जाने की तारीख** | **राज्य सभा में पारित करने की तारीख** |
|---|---|---|---|
| 1. | कराधान विधि (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2016 | 29.11.2016 | # |
| 2. | विनियोग (संख्या 5) विधेयक, 2016 | 08.12.2016 | # |
| 3. | विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2016 | 08.12.2016 | # |
| 4. | नि:शक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक, 2016 | 16.12.2016 | 14.12.2016 |

#पारित किया गया समझा

2017

**11वां सत्र (बजट सत्र - पहला भाग) 2017 - 18 विधेयक**

| **क्र.सं.** | **विधेयक का नाम** | **लोक सभा में पारित किए जाने की तारीख** | **राज्य सभा में पारित करने की तारीख** |
|---|---|---|---|
| 1. | मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 2017 | 07.02.2017 | 08.02.2017 |
| 2. | विनिर्दिष्ट बैंक नोट (उत्तरदायित्व का समाप्त होना) विधेयक, 2017 | 07.02.2017 | # |
| | **दूसरा भाग** | | |
| 3. | शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017 | 09.03.2016<br>14.03.2017* | 10.03.2017 |
| 4. | प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2017 | 09.03.2017 | 11.08.2017<br>20.3.2017* |
| 5. | विनियोग विधेयक, 2017 | 20.03.2017 | 23.03.2017 |
| 6. | विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 | 23.03.2017 |
| 7. | वित्त विधेयक, 2017 | 22.03.2017<br>30.03.2017** | 29.3.2017 |
| 8. | विनियोग (रेल) विधेयक, 2017 | 20.03.2017 | 30.3.2017 |
| 9. | विनियोग (रेल) संख्यांक 2 विधेयक, 2017 | 20.03.2017 | 30.3.2017 |
| 10. | मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक, 2017 | 27.03.2017 | 08.08.2016<br>30.3.2017* |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | कर्मचारी प्रतिकर (संशोधन), 2017 | 9.8.2017<br>05.04.2017* | 22.03.2017 |
| 12. | केंद्रीय माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 29.3.2017 | 06.04.2017 |
| 13. | समेकित माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 29.3.2017 | 06.04.2017 |
| 14. | माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) विधेयक, 2017 | 29.3.2017 | 06.04.2017 |
| 15. | संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर विधेयक, 2017 | 29.3.2017 | 06.04.2017 |
| 16. | #कराधान (संशोधन) विधेयक, 2017 | 06.04.2017 | # |
| 17. | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2017 | 23.03.2017 | 10.04.2017 |
| 18. | मानव रोगक्षम अल्पता विषाणु और अर्जित रोगक्षम अल्पता संलक्षण (निवारण और नियंत्रण) विधेयक, 2017 | 11.04.2017 | 21.3.2017 |

#पारित किया गया समझा।

*संशोधन(नों) से सहमत हुए।

**लोक सभा द्वारा संशोधन अस्वीकार किए गए।

**16वीं लोक सभा के दौरान वापिस लिए गए विधेयकों की सूची**

| **क्र.सं.** | **विधेयकों का नाम** | **पारित करने की तारीख** |
|---|---|---|
| 1. | वाणिज्यिक पोत परिवहन (संशोधन) विधेयक, 2015 | 16.12.2016 |
| 2. | मजदूरी संदाय (संशोधन) विधेयक, 2016 | 03.02.2017 |

**राज्य सभा के 242वें सत्र तक वापिस लिए गए विधेयकों की सूची**
**(16वीं लोक सभा)**

| **क्र.सं.** | **विधेयकों का नाम** | **पारित करने की तारीख** |
|---|---|---|
| 1. | औषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) विधेयक, 2013 | 10.08.2016 |
| 2. | नाविक भविष्य-निधि (संशोधन) विधेयक, 2007 | 07.04.2017 |
| 3. | अधिकरण, अपील अधिकरण और अन्य प्राधिकरण (सेवा की शर्तें) विधेयक, 2014 | 11.04.2017 |